# प्रदेश अब बीमारू नहीं, खूब आ रहा निवेश : योगी

## सीएम बोले-5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव दिसंबर में धरातल पर उतरेंगे

**NBT न्यूज, गोरखपुर :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू नहीं बल्कि भारत की अनलिमिटेड पोटेंशल का प्रदेश बन चुका है। देश की सबसे तेज विकसित अर्थव्यवस्था के रूप में उत्तर प्रदेश ने आज अपने आप को स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि आज देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क उत्तर प्रदेश के पास है। देश की पहली रैपिड ट्रेन यूपी में, देश की पहली इनलैंड वॉटरवे भी यूपी में है। देश में सबसे अधिक मेट्रो सिटी उत्तर प्रदेश के पास है। देश के अंदर सबसे ज्यादा एयरपोर्ट यूपी में हैं। यहां 16 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं, जिनमें चार इंटरनैशनल एयरपोर्ट हैं। पांचवां और भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट 'जेवर' तैयार हो चुका है। अगले एक महीने के अंदर पीएम मोदी के कर-कमलों से इसका उद्घाटन भी करवाने जा रहे हैं। आज सरकार हर सेक्टर में नौजवानों को नौकरी दे रही है। निवेश आ रहा है तो नौकरी भी बरस रही है। प्रदेश में 15 लाख करोड़ रुपये के जो निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरे हैं, उनके माध्यम से डेढ़ करोड़ नौजवानों के लिए सीधे-सीधे नौकरी की स्थिति बनी। अकेले गीडा में ही लगभग 40,000 नौजवानों को नौकरी मिली है। सीएम ने ये बातें शनिवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 36वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान कहीं।

सीएम ने कहा कि गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण की स्थापना 36 वर्ष पूर्व हुई थी लेकिन 1989 से लेकर 1998 तक गीडा के औद्योगिक गतिविधियां लगभग शून्य रहीं। धरना-प्रदर्शन चलते थे, गोलीकांड होते थे, अव्यवस्था चलती थी। न सरकार का विजन था और न ही यहां पर कोई कार्य करने की इच्छाशक्ति थी। उत्तर प्रदेश के अंदर डबल इंजन की सरकार आने के बाद 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव जमीनी धरातल पर उतारे जा चुके हैं। सीएम योगी ने कहा कि पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव इसी दिसंबर में हम धरातल पर उतारेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि उन्हें खुशी हुई है कि गोरखपुर में भारत की सनातन परंपरा की पहचान को वैश्विक मान्यता देने वाले 'गीता प्रेस' को भी आज गीडा में 10 एकड़ भूमि का आवंटन पत्र प्राप्त हुआ है।

समारोह को प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी, एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने भी संबोधित किया। सांसद रवि किशन भी मौजूद रहे।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने गीडा में आवंटियों को प्रमाण पत्र सौंपे।

## 'धन की चिंता करे बिना इलाज करवाएं'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम जन को भरोसा दिया है कि वे गंभीर बीमारियों के इलाज में धन की चिंता बिल्कुल न करें और उच्चीकृत अस्पतालों में इलाज करवाएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी। उन्होंने कहा है कि इलाज में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। शनिवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान इलाज में मदद की फरियाद लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया है कि सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की जरूरत है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध करवाया जाए।

## '20 तक पूरी हो खिचड़ी मेले की तैयारी'

**NBT न्यूज, गोरखपुर :** सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति पर लगने वाले खिचड़ी मेले से जुड़े सभी काम 20 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि खिचड़ी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा प्राथमिकता होनी चाहिए। सीएम ने शनिवार को गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में खिचड़ी मेला की तैयारियों को लेकर महापौर और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सीएम योगी ने कहा कि गोरखनाथ मंदिर के खिचड़ी मेले से न सिर्फ पूर्वी उत्तर प्रदेश वरन बिहार, नेपाल से लगायत देश-दुनिया के सनातन मतावलंबियों की आस्था जुड़ी है। इसके दृष्टिगत मेले में सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाए जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।